सत्यमेव जयते

पंचदश

बिहार विधान-सभा

द्वितीय सत्र

अल्प-सूचित प्रश्न

वर्ग-3

बुधवार, तिथि 09 चैत्र, 1933 (श०) / 30 मार्च, 2011 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या—04

(1) पथ निर्माण विभाग	..	..	..	01
(2) ग्रामीण कार्य विभाग	..	..	..	01
(3) ग्रामीण विकास विभाग	..	..	..	01
(4) जल संसाधन विभाग	..	..	..	01
			कुल योग ..	04

दुर्घटना से निजात दिलाना

''क''56. श्री अशोक कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना शहर के सड़कों का चौड़ीकरण करने के क्रम में दर्जनों पेड़ को काट दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सड़कें चौड़ी की गयी पर बिजली एवं टेलीफोन के खम्भे अपने पुराने स्थान पर खड़े हैं;

(3) क्या यह बात सही है कि शहर के सड़कों में अनगिनत मैन होल के ढक्कन गायब हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पर्यावरण संरक्षण का ख्याल रखते हुए खुले मैन होल्स एवं बिजली/टेलीफोन के ऐसे बेतरतीब खड़े खम्भों के वजह से हो रहे दुर्घटनाओं से निजात दिलाते हुए कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है ?

व्यय का औचित्य

69. डॉ० अच्युतानंद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2009-10 में राज्य में बाढ़ से सुरक्षा हेतु तटबंधों की मरम्मती के मद में 339 करोड़ रुपये खर्च किए गए ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त राशि के व्यय के बाद भी वर्ष 2009-10 में 15 जिलों के 84 प्रखण्डों की 568 पंचायतों में बाढ़ का पानी प्रवेश करने से राज्य की 35 लाख जनता का 10 हजार एकड़ खड़ी फसल बर्बाद हो गई है जिससे राज्य के किसानों को एक करोड़ से अधिक राशि की क्षति हुई;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त राशि के व्यय का क्या औचित्य है ?

कूपन की छपाई

70. डॉ० इजहार अहमद--स्थानीय हिन्दी दैनिक दिनांक 18 फरवरी, 2011 को प्रकाशित शीर्षक ''कूपन वितरण पर संकट'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण विकास विभाग एवं जिलों की सूची में काफी अंतर रहने के कारण एवं सही आंकड़ा नहीं रहने के वजह से कूपन की छपाई नहीं हो पायेगी जिससे ए०पी०एल० एवं बी०पी०एल० परिवार वालों को राशन एवं किरासन नहीं मिल पायेगा ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इस संबंध में कबतक आवश्यक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्य पूर्ण कराना

71. श्री गजानन्द शाही--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विकास विभाग, यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सम्प्रति राज्य में 24500 कि०मी० सड़क का निर्माण किया जा रहा है जो समय-सीमा के अंदर नहीं हो पाता है, यदि हां, तो निश्चित समय-सीमा के अधीन निर्माण कार्य पूरा कराने हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पटना:
दिनांक 30 मार्च, 2011 (ई०)।

गिरीश झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा।

नोट--''क'' दिनांक 24 मार्च, 2011 को सदन द्वारा नगर विकास एवं आवास विभाग से पथ निर्माण विभाग में स्थानान्तरित।

बि०स०मु० (एल०ए०), 160-डी०टी०पी०--450